Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop Panchkula city in Ambala Parliamentary Constituency as a Smart city- Laid – Laid

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): मेरी लोकसभा क्षेत्र के पंचकूला नगर को मेट्रोपॉलिटन सिटी घोषित किया गया है। अगर आप पंचकूला जिले के इर्द-गिर्द इस नगर को स्मार्ट सिटी घोषित करेंगे और चंडीगढ़ से लगते इस नगर में विभिन्न टाउनशिप क्लास्टर विकसित करेंगे तो आने वाले समय में यह मेट्रोपॉलिटन सिटी हरियाणा के गुड़गांव जिले की तर्ज पर हरियाणा की जी.डी.पी. बढ़ाने में मदद करेगा।

मैं स्मरण कराना चाहता हूं कि पंचकूला में रोजगार प्रदान करने वाली सूरजपुर सीमेंट फैक्टरी और एच एम टी (HMT) दो संस्थाएं थी जो इस क्षेत्र के लाखों लोगों को रोजगार प्रदान कर रही थी। सूरजपुर फैक्टरी बंद होने के बाद एच एम टी में ट्रैक्टर विंग बंद किए जाने के बाद क्षेत्र में रोजगार के अवसर समाप्त हो गए हैं। अगर पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाकर जल आपूर्ति,स्वछता,आंतरिक सड़के, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और बिजली जैसी सुविधाएं विकसित कराने में निर्णय लेंगे तो इस मेट्रोपॉलिटन सिटी में भारी-भरकम निवेश और विश्वस्तरीय नगर नियोजन के क्षेत्र में प्रतिभाए आकर्षित होंगी। जब आप पंचकूला मेट्रोपॉलिटन सिटी में सुरक्षित टाउनशिप खड़ा करेंगे तो इस शहर में एप्पल,गूगल,फेसबुक, ई-कॉमर्स जैसी ट्रिलियन डॉलर वाली कंपनियां भी आकर्षित होंगी। पिछले दो-तीन दशक से केंद्र सरकार तथा हिमाचल सरकार द्वारा टैक्स की बहुत सी सुविधाएं प्रदान कराई जा रही थी। जिसके कारण बहुत से प्रदेशों के उद्योग पंचकूला से सटे बद्दी क्षेत्र में जा रहे थे। ये उद्योग ग्लोबल वैल्यू चैन बद्दी से इधर नए विकल्प तलाश रही है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि पंचकूला मेट्रोपॉलिटन सिटी को विकसित किया जाए।